हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 21 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर रेत तस्करों का बेखौफ नेटवर्क



## खबर संक्षेप

### दर्ज शिकायतों का शीघ्र हो रहा समाधान

**राजपुर।** कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत राजपुर ने ग्राम पंचायत आरा निवासी शाहिद रजा की शिकायत का शीघ्र समाधान किया। आवेदक ने 19 जून को टोकन के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि हिना कौसर का विवाह अन्यत्र हो जाने के कारण उनका नाम पुराने राशन कार्ड से हटाया जाना आवश्यक है। शिकायत प्राप्त होने के बाद जनपद पंचायत द्वारा मामले की जांच की गई और मांग के अनुरूप राशन कार्ड से हिना कौसर का नाम विलोपित कर दिया गया। जनपद पंचायत सीईओ संजय दुबे ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके।

### अवैध उत्खनन पर तीन ट्रैक्टर को किया जब्त

**राजपुर।** जिले में खनिज संपदा के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण के लिए सतत निगरानी रखते हुए अवैध कार्यों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग की टीम द्वारा सिंहचौरा एवं गोपालपुर ग्राम स्थित महान नदी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान टीम ने महान नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर रेत से भरे 3 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया। जब्त वाहनों के पास वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खनिज विभाग द्वारा जब्त किए गए सभी वाहनों को अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस थाना राजपुर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया। जिला खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी ने बताया कि संबंधित वाहन स्वामियों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### राहगीर से लूट, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शहर के बड़पारा क्षेत्र स्थित शराब भट्टी के पास एक युवक से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना के महज 48 घंटे के भीतर आरोपियों को दबोचते हुए लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के अखोराखुर्द निवासी राजेश प्रसाद 16 जून को अपने मालिक के निजी कार्य से रायगढ़ आए थे। काम पूरा होने के बाद वे रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक होटल में भोजन कर बड़पारा क्षेत्र की ओर गए। इसी दौरान तीन युवकों ने उन्हें रोककर पैसों की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद उनकी जेब में रखे 100 रुपये और मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### व्यापारी से ठगी, रायपुर के युवक पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा क्षेत्र में ऑनलाइन कारोबार के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक एल्युमिनियम व्यापारी को बाजार से कम कीमत पर माल उपलब्ध कराने का लालच देकर 50 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। आरोपी ने खुद को रायपुर का व्यापारी बताकर सौदा तय किया और एडवांस राशि मिलने के बाद संपर्क तोड़ दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांधी नगर वार्ड क्रमांक-7 निवासी विजय राणा एल्युमिनियम सेक्शन और ग्लास का व्यवसाय करते हैं।

## मुख्यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का किया अनावरण

# बिरसा मुंडा का जीवन जल, जंगल और जमीन की रक्षा के संघर्ष की प्रेरणाः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को विकासखंड बगीचा अंतर्गत ग्राम पंचायत करमा के डोंडराही में धरती आबा भगवान श्री बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म वर्ष के उपलक्ष्य पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया। आज से यह जगह बिरसा मुंडा चौक के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजी शासन शोषण धर्मांतरण तथा जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी जनजातीय समाज सहित पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर पद्मश्री जागेश्वर यादव,

- विभिन्न विकास कार्यों के लिए 37 लाख रुपए की घोषणा





विधायक गोमती साय, रायमुनी भगत, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ रामप्रताप सिंह, नगर पालिका के उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, बलराम भगत, करुणा राम भगत, सरपंच राजेश राम नाग मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैगा टोली कर्मा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की। इसी प्रकार कुदमुरा नांदो टोली में रंगमंच निर्माण के लिए 8 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। वहीं कुदमुरा पतराटोली ;डिबा टोलीद्ध में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु 7 लाख रुपये देने की घोषणा की गई। इसके अलावा केशव घर के समीप स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मंच निर्माण के लिए भी 7 लाख रुपये की देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है और वर्ष 2021 से पूरे देश में इसे उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जशपुर जनजातीय संस्कृति और गौरव का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां स्थित अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का केंद्रीय कार्यालय देशभर में जनजातीय समाज के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होना पूरे जनजातीय समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ⏭ शेष पेज 3 पर

## सलियाटोली में नालंदा परिसर का निरीक्षण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कुनकुरी के सलियाटोली ग्राम में 4.37 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 250 सीटर नालंदा परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस परिसर का उद्देश्य जिले के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा संसाधन उपलब्ध कराना है। वर्तमान में प्लिंथ लेवल का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। नालंदा परिसर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें 24 घंटे अध्ययन की व्यवस्था रहेगी। यहां इंडोर और आउटडोर स्टडी ज़ोन, ऑक्सी रीडिंग ज़ोन, डिजिटल लाइब्रेरी, वाई-फाई ज़ोन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की 50,000 से अधिक पुस्तकों की उपलब्धता होगी। परिसर को पर्यावरण अनुकूल बनाते हुए सौर ऊर्जा से संचालित किया जाएगा तथा 50 से अधिक देशी पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के समग्र विकास के लिए यूथ टावर, स्पोर्ट्स कोर्ट, कैफेटेरिया, एटीएम और हेल्थ ज़ोन जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

## देश ने हर क्षेत्र में किया अभूतपूर्व विकास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल देश के विकास, सुशासन और जनकल्याण का स्वर्णिम काल रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान भारत ने बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

बगिया स्थित कैम्प कार्यालय में 19 जून को आयोजित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के साथ पांच वर्षों तक राज्य मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर मिला, जिसके दौरान उन्होंने गरीबों, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को निकट से देखा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न समाजों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों का सम्मानस्वरूप शाल, श्रीफल और शासन की उपलब्धियों को पुस्तिका प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन ने देश में स्वच्छता के प्रति जनजागरण पैदा किया है। घर-घर शौचालय निर्माण से करोड़ों महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि शौचालय केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और गरिमा से जुड़ा विषय है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों के खातों तक पहुंच रहा है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौभाग्य योजना के माध्यम से देश के दूरस्थ गांवों और करोड़ों घरों तक बिजली पहुंचाई गई है।



## महिला कृषकों का दल रायपुर रवाना



कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में संचालित ड्रोन दीदी अभियान के अंतर्गत महिला कृषकों के 5 सदस्यीय एक दल ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जशपुर से रायपुर रवाना हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज कुनकुरी कृषि महाविद्यालय से दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ड्रोन तकनीक कृषि क्षेत्र में नई क्रांति का माध्यम बन रही है। इसके माध्यम से फसलों पर उर्वरक एवं कीटनाशकों का छिड़काव कम समय में अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से किया जा सकता है। इससे समय, श्रम और लागत की बचत होने के साथ-साथ कृषि उत्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने महिला कृषकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार कृषि को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक खेती-किसानी को अधिक वैज्ञानिक, प्रभावी और लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## कुनकुरी में जैविक किसान मेला




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की लगभग 75 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। कृषि देश की अर्थव्यवस्था और जीडीपी की रीढ़ है। किसानों के विकास और समृद्धि के बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नवाचारी खेती, आधुनिक तकनीक, बेहतर फसल चयन तथा प्राकृतिक एवं जैविक कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान अपनी आय बढ़ाने के साथ-साथ भूमि की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य की भी रक्षा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी में आयोजित जैविक किसान मेला एवं खेत बचाओ अभियान अंतर्गत प्राकृतिक एवं जैविक खेती कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि, आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रोन तकनीक, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई।

## नवाचारी पहल जश लर्न का जिला स्तरीय शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विगत दिवस अपने निज निवास बगिया से जशपुर जिले की अभिनव शैक्षणिक पहल 'जश लर्न' का जिला स्तरीय शुभारंभ किया। फरसाबहार विकासखंड में सफल पायलट परियोजना के रूप में संचालित इस कार्यक्रम को अब जिले के सभी विकासखंडों में विस्तार दिया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की आधारभूत गणितीय दक्षताओं को मजबूत बनाना तथा सीखने की प्रक्रिया में शिक्षक, पालक और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने जश लर्न प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी गणितीय क्षमता में वृद्धि किए बच्चों से बात कर पढ़ाई की गुणवत्ता में हुए सुधार की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि 'जश लर्न' कार्यक्रम बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और गणितीय दक्षता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक, पालक और विद्यार्थी एक साथ जुड़कर कार्य करते हैं, तब शिक्षा के परिणाम और अधिक प्रभावी होते हैं। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता को देखते हुए जिला प्रशासन ने 'जश लर्न' कार्यक्रम को जिले के सभी विकास खंडों में संचालित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सभी सीएसी को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।




## जशपुर वन मंडल ने दर्ज किया गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम



प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और जनभागीदारी के क्षेत्र में जशपुर वन मंडल ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक ही दिन में 2 लाख से अधिक सीड बॉल के रोपण एवं प्रसार का कार्य संपादित कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। इस उपलब्धि के लिए 19 जून को बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की राज्य प्रमुख सोनल राजेश शर्मा ने जशपुर वनमण्डल को आधिकारिक प्रमाण-पत्र प्रदान किया। वनमण्डल की ओर से यह प्रमाण-पत्र वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार ने प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर जशपुर वनमण्डल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन में जनभागीदारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट हस्तलिखित शिक्षक हलाकान, पालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही संपन्न हो चुका था। इसके बाद 15 जून को नए सत्र की शुरुआत तक जिला प्रशासन बच्चों की मार्कशीट प्रिंट नहीं करवा सका। अलबत्ता नए सत्र की शुरुआती दिनों में स्कूल खुलने के साथ ही शिक्षकों को ब्लैंक अंक सूची थमा दी गई है। उन्हें बच्चों का रिजल्ट सॉफ्ट कॉपी में बेहद ही छोटे अक्षरों में मोबाइल में उपलब्ध कराया है। अब शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि उपरोक्त अंकों को मोबाइल से देखकर अंक सूची प्रपत्र में हस्तलिखित तरीके से भरें।

यहां शिक्षकों के लिए बड़ी दुविधा यह है कि जब बोर्ड परीक्षा की अंकसूची हस्तलिखित ही देनी थी तो उन्हें इसका निर्देश अप्रैल माह में दे दिया जाना था, ताकि वे ग्रीष्म अवकाश के दौरान ही कार्य करते हुए इसे समय पर पूरा कर लेते। अब नए सत्र की शुरुआत में पुराने सत्र का अंक सूची बांटी गई है वह भी पूरी तरह कोरी। पालक इस बात से परेशान हैं कि उन्हें उनकी अंकसूची कब प्राप्त होगी और शिक्षक इसका जवाब देते देते थक चुके हैं। इसके अलावा, परीक्षा की अंक तालिका केवल पीडीएफ प्रारूप में उपलब्ध कराई गई है। पीडीएफ की प्रिंट कॉपी स्पष्ट नहीं होने के कारण अंक एवं विषयों को पढ़ना और समझना शिक्षकों के लिए काफी कठिन हो रहा है। सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन फेडरेशन ने संबंधित विभाग से विषय क्रमांक में एकरूपता लाने, स्पष्ट एवं पठनीय दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा भविष्य में ऐसी तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं के समाधान की मांग की है, ताकि अंकसूची निर्माण का कार्य समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से पूरा किया जा सके।

### विषयों के क्रमांक में विसंगति

सबसे बड़ी समस्या विषयों के क्रमांक में असंगति को लेकर सामने आई है। अंक तालिका, अंकसूची और मूल्यांकन पंजी तीनों में विषयों का क्रम अलग-अलग है, जिससे विद्यार्थियों के अंकों का सही मिलान करने में काफी समय और मेहनत लग रही है।

### त्रुटियों की संभावना

शिक्षकों का कहना है कि तीनों दस्तावेजों में विषयों का अलग-अलग क्रम होने के कारण प्रत्येक विद्यार्थी के अंकों का सावधानीपूर्वक मिलान करना पड़ रहा है। इससे अंकसूची तैयार करने में अनावश्यक देरी हो रही है और त्रुटियों की संभावना भी बढ़ गई है।

### अभिभावक लौट रहे खाली हाथ

इसके अतिरिक्त विद्यालय के अभिभावक प्रतिदिन विद्यालयों में दूसरे विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए अंक सूची लेने के लिए जा रहे हैं एवं अंकसूची नहीं मिलने से खाली हाथ लौट रहे हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444


LCIT COLLEGE OF COMMERCE & SCIENCE
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)
THINK EDUCATION THINK LCIT
AFFILIATED TO & APPROVED BY
AICTE
MEMBER OF
Virtual Labs
An MoE Govt of India Initiative
FREE ONLINE EDUCATION swayam
INDIAN RED CROSS SOCIETY IRCS
NATIONAL SERVICE SCHEME
NCC
Best College in the Region
LCIT Group of Institutions
Scan For A Brighter Future
APPLY @
COLLEGE CODE 240
ADMISSIONS OPEN 2026-27
COURSES OFFERED
SCIENCE
BCA (Hons.)
AICTE Approved
B.Sc. (Hons.)
• Biology
• Microbiology
• Biotechnology
• Mathematics
• Computer Science
M.Sc.
• Zoology
• Chemistry
• Biotechnology
• Computer Science
PGDCA
98278-75752
COMMERCE
B.Com (Hons.)
BBA (Hons.)
AICTE Approved
M.Com
with Marketing & Management
75666-66785
ARTS
B.A. (Hons.)
• History
• Sociology
• Geography
• Economics
• Political Science
• English Literature
M.A.
• Geography
91097-30890
LAW
B.A. LL.B.
B.B.A. LL.B.
B.Com. LL.B.
LL.B.
LL.M.
97558-19835
PLACEMENT HIGHLIGHTS
TOTAL PLACEMENT 500+
RECRUITING COMPANIES 50+
HIGHEST PACKAGE 12.50 LPA
AVERAGE PACKAGE 4.55 LPA
TOP RECRUITERS
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
YOKOHAMA
Datun Jangal se
HDFC BANK
adani Cement
& Many More
UNIVERSITY - GOLD MEDALIST
YASHRAJ M.Sc. CS
SHUBHANGI SINGH THAKUR M.Com
SHREYANSHI JAIN BBA
KASHISH MATLANI B.Com
CHANDRA PRAKASH CHOUBEY B.Com. LL.B.
30+ BRILLIANT MINDS FROM OUR COLLEGE HAVE SECURED RANKS IN THE UNIVERSITY MERIT LIST!
CAMPUS LIFE
RASS GARBA
MH 43 INDIA BAND
EXCURSION TRIPS
EDUCATIONAL VISIT
TRANSPORT FACILITY
COMPUTER LABS
EXPERT FACULTY
PLACEMENT ASSISTANCE
HOSTEL: BOYS & GIRLS

## खबर संक्षेप



### पंजीकरण शिविर के पहले दिन 44 आवेदनों का किया गया निराकरण

**शंकरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में विश्वास के विकास के जनकल्याण के कार्यक्रम के अंतर्गत 3 दिवसीय पंजीकरण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रथम दिवस विधायक सामरी श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। शिविर में महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत महतारी वंदन ईकेवाईसी के 9 एवं आधार कार्ड हेतु 15, कृषि विभाग एग्रीस्टेक पंजीयन हेतू 40, राजस्व विभाग से आय प्रमाण-पत्र हेतु 4 निवास प्रमाण-पत्र हेतु 3 जाति प्रमाण-पत्र हेतु 2 नामांतरण हेतु 1 तथा श्रम विभाग से श्रम पंजीयन हेतु 4 आवेदक का पंजीयन किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु 2 एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से नवीन राशन कार्ड एवं सदस्य जोड़ने हेतु 9 आवेदकों के आवेदन-पत्र पंजीबद्ध किए गए। शिविर में कृषि विभाग को एग्रीस्टेक पंजीयन हेतु प्राप्त 40 एवं श्रम विभाग को प्राप्त 4 आवेदन पत्र निराकरण किए गए। विधायक ने प्राप्त आवेदन पत्रों को समय-सीमा में निराकरण करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शिविर में श्रीमती प्रियंवदा सिंह, मोहन अग्रवाल, विवेक जायसवाल, मुकेश कश्यप, अमीनसाय, अनुरंजन यादव, कसीम अंसारी सहित अधिकारी/कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा खोलने नहीं हुई पहल

**बिहारपुर।** दो साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा को पूरा करने कोई पहल नहीं की गई है। इधर सीएम की घोषणा पर अमल नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसानों को बैंकिंग कार्यों के लिए 70 किमी दूर विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सूरजपुर में 1 अक्टूबर 2024 को आयोजित राज्य स्तरीय सियान सम्मान समारोह में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से अवगत होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा से क्षेत्र के किसानों में लम्बे समय से चली आ रही इस समस्या से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन सीएम की घोषणा के दो साल बाद भी इस दिशा में प्रशासन एवं बैंक प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। हालत यह है क्षेत्र के किसानों को आज भी धान विक्रय की राशि एवं केसीसी सहित अन्य संबंधित कार्यों के लिए 70 किमी दूर विकासखण्ड मुख्यालय ओड़गी स्थित बैंक शाखा का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाका होने के कारण क्षेत्र में आवागमन की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। बैंक प्रबंधन द्वारा अलग-अलग क्षेत्र के किसानों के भुगतान के लिए सप्ताह में एक दिन का समय निर्धारित किया गया है। जैसे-तैसे किसान लम्बी दूरी तय कर बैंक में पहुंचते भी हैं तो उन्हें आवश्यकता के अनुरूप राशि नहीं मिल पाती कई बार विलम्ब होने के कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। इसी तरह केसीसी सहित अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए किसानों को बार-बार बैंक का चक्कर लगाना पड़ता है। क्षेत्र के किसानों में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार क्षेत्र में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग कर रहे हैं।

### अजीत अग्रवाल बने जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार महामंत्री

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ सत्र 2026-31 की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष





अरविन्द सिंघानिया एवं प्रदेश उप महामंत्री विकास अग्रवाल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष रामवतार द्वारा अजित अग्रवाल को जिला अध्यक्ष सरगुजा एवं कृष्ण कुमार गर्ग को महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। अजीत अग्रवाल पूर्व में चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं।

## 11 महीने पूर्व ट्रस्ट ने किया था टेंडर एवं करार

# राशि के अभाव में अटका कुदरगढ़ धाम में रोपवे का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत प्राचीन कुदरगढ़ देवीधाम में रोपवे निर्माण की राह की चुनौतियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कुदगरगढ़ देवीधाम द्वारा एजेंसी से किए गए करार के अनुसार निर्माण पूरा करने के लिए मात्र चार महीने का समय शेष बचा है। शासन ने बजट में राशि की स्वीकृति भी दे दी है लेकिन अभी तक राशि उपलब्ध नहीं हुई है। ऐसे में पूर्व में निर्माण एजेंसी को दी गई राशि के डूबने की संभावना पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की धड़कने बढ़ती जा रही है।

**खास बात**

- शासन ने बजट में दी है राशि की स्वीकृति

कुदरगढ़ देवी धाम का संचालन ट्रस्ट के माध्यम से किया जा रहा है। चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि के दौरान धाम में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के साथ ही एमपी, यूपी, झारखण्ड सहित अन्य प्रांतों के श्रद्धालु पहुंचते हैं। देवी का मंदिर ऊंची पहाड़ी पर स्थित होने के कारण श्रद्धालुओं को सीढ़ियों के माध्यम से घंटों चढ़ाई करनी पड़ती है। भारी भीड़ उमड़ने के कारण श्रद्धालु मध्यरात्रि से ही पहाड़ी की चढ़ाई शुरू कर देते हैं। बुजुर्ग एवं महिलाएं इस कष्ट साध्य चढ़ाई को पूरा नहीं कर पाते नीचे से ही मत्था टेककर वापस लौट जाते हैं। देवी धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। देवी धाम तक श्रद्धालुओं के सफर को आसान बनाने के उद्देश्य से कुदरगढ़ ट्रस्ट पिछले दो दशकों से रोपवे निर्माण की पहल कर रहा है लेकिन राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण बात आगे नहीं बढ़ पा रही है। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वनविकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 अप्रैल 2025 को रोपवे निर्माण का भूमिपूजन कर निर्माण के लिए शासन से 13 करोड़ रूपए उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। शासन से रोपवे निर्माण की राशि शीघ्र उपलब्ध होने की उम्मीद में ट्रस्ट रोपवे निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करा दी तथा टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद करार के अनुसार शुरूआती कार्यों के लिए शासन से राशि उपलब्ध होने पर लौटाने की शर्त पर 2 करोड़ रूपए का भुगतान भी कर दिया। शासन द्वारा बजट में कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है लेकिन ढाई महीने से अधिक समय गुजरने के बावजूद स्वीकृत राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण ट्रस्ट की परेशानियां बढ़ गई है तथा पदाधिकारियों को करार की शर्तें पूरी नहीं होने एवं ट्रस्ट को भारी आर्थिक नुकसान होने का भय सता रहा है।



### पहाड़ी पर 910 सीढ़िया

कुदरगढ़ धाम तक पहुंचने के लिए पहाड़ी को काटकर ऊंची-ऊंची 910 सीढ़ियां बनाई गई है। तत्कालीन जरूरतों के अनुसार निर्मित सीढ़ियां श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के सामने काफी संकरी एवं खतरनाक साबित हो रही है। एक पखवाड़े पूर्व ही चढ़ाई के दौरान एक श्रद्धालु को हार्ट अटैक आ गया था। समुद्र तल से कुदरगढ़ पहाड़ की ऊंचाई 2000 फीट ऊपर होने के कारण अब सीढ़ियों की चढ़ाई कठिन होते जा रही है।

### निर्माण के लिए 4 महीने का समय

कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट ने टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद 10 अगस्त को हैदराबाद की आरकॉम कंपनी के साथ करार किया है। करार के अनुसार निर्माण एजेंसी तीन चरणों में निर्माण करेगी तथा हर चरण के निर्माण के लिए ट्रस्ट निर्धारित राशि का भुगतान करेगा। प्रथम चरण में रोपवे निर्माण के लिए सर्वे, पिलर निर्माण के लिए कठोर सतह का चयन, स्थल का चिन्हांकन, भूमि की सतह का सर्वेक्षण एवं प्राक्कलन तैयार करने का निर्धारण किया गया था। ट्रस्ट द्वारा दिए गए 2 करोड़ की राशि से निर्माण एजेंसी ने प्रथम चरण का कार्य पूरा कर निर्माण का प्राक्कलन महीनों पूर्व सौंप दिया है तथा दूसरे चरण का निर्माण प्रारंभ करने के लिए महीनों पूर्व से 3 करोड़ की मांग कर रही है। करार के अनुसार रोपवे निर्माण के लिए निर्धारित समय में से 11 महीने गुजर गए है। अब बरसात शुरू हो गई है तथा बरसात में निर्माण होना संभव नहीं है। ऐसे में करार की अवधि समाप्त होने एवं समय पर राशि उपलब्ध नहीं कराने पर ट्रस्ट की परेशानियां बढ़ सकती है।

### पूर्व में भी हो चुकी है पहल

इसके पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण का भूमि पूजन कर शासन द्वारा राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी। कांग्रेस शासनकाल में क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े की पहल पर राज्य सरकार ने कलेक्टर को डीएमएफ से 3 करोड़ रूपए आरक्षित करने पत्र लिखा था लेकिन राशि उपलब्ध नहीं हो सकी। इधर रोपवे निर्माण की लागत भी बढ़ती गई।

### नहीं मिली है राशि

शासन द्वारा कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण के लिए बजट में स्वीकृति प्रदान की गई लेकिन राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया जा रहा है।

-**भुवन भास्कर सिंह**, कुदरगढ़ मेला अध्यक्ष



## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम चोरकी पानी में गाज की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत हो गई। गुरूवार को मवेशी घर नहीं लौटे तो शुक्रवार को पालक उन्हें खोजने निकला तो मृत मवेशी एक पेड़ के नीचे मिले।

ग्राम चोरकीपानी के भानुप्रताप यादव ने गुरूवार को अपने 10 मवेशियों को चरने के लिए खुले में छोड़ा था। देर शाम सिर्फ चार मवेशी घर लौटें। देर रात 5 गाय एवं एक बछड़े के घर नहीं लौटने पर शुक्रवार की सुबह किसान उनकी तलाश में निकला। लम्बी तलाश के बाद सभी मवेशी एक पेड़ के नीचे मृत मिले। किसान ने बताया कि गुरूवार को शाम तेज गरज-चमक के साथ बारिश हुई थी। बारिश से बचने मवेशी पेड़ के नीचे खड़े थे। इस दौरान गाज की चपेट में आने के कारण पांच गायों एवं एक पछड़े की मौत हो गई।

## सात लीटर शराब व 45 किलो महुआ लाहन के साथ ग्रामीण गिरफ्तार

**राजपुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम दुप्पी में दबिश देकर ग्रामीण के पास से सात लीटर महुआ शराब के साथ 45 किलो महुआ लहान जब्त किया है। टीम ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी एसएन साहू के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा क्षेत्र में गश्त करने के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम दुप्पी निवासी सुकूल चंद के दबिश देकर उसके घर से 7 लीटर महुआ शराब व 45 किलो महुआ लाहन जब्त किया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि ग्राम दुप्पी निवासी सुकूल चंद के पास से 7 बल्क लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब व 45 किलो महुआ लहान जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध प्रकरण कायम कर कार्रवाई की गई है।



## बंद खदान से तीसरे दिन शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की उत्पादन के बाद बंद पड़ी पांच-छह नंबर पोखरिया खदान में मिले शव को पुलिस ने तीसरे दिन नगर सेना और एसडीआरएफ की संयुक्त खोजी टीम की मदद से बरामद कर लिया। शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे जवानों ने अथाह जल में पड़े शव को बाहर निकाला। शव पूरी तरह सड़-गल चुका था और उसकी कमर में नायलॉन की कपड़े वाली रस्सी से एक पत्थर बंधा हुआ मिला।

बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि 17 जून को डायल-112 के माध्यम से एक स्थानीय युवक ने खदान के पानी में शव दिखाई देने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और नगर सेना सूरजपुर की टीम को बुलाकर तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन पहले दिन शव का पता नहीं चल सका। दूसरे दिन अंबिकापुर से एसडीआरएफ की अतिरिक्त टीम को बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया, फिर भी सफलता नहीं मिली। तीसरे दिन सूरजपुर और अंबिकापुर की संयुक्त एसडीआरएफ टीम ने पुनः तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान पानी में डाले गए झग्गर में शव फंस गया और जवानों ने उसे बाहर निकाल लिया। पुलिस के अनुसार, चिकित्सकों की प्रारंभिक जांच में शव एक 25 से 30 वर्षीय युवक का प्रतीत हो रहा है। शव करीब 15 से 20 दिन पुराना बताया जा रहा है। लंबे समय तक पानी में पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह क्षत-विक्षत और सड़-गल चुका है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव की विशेष जांच और पोस्टमार्टम के लिए उसे मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। शव की स्थिति और कमर में पत्थर बंधा मिलने से मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पहले मृतक की शिनाख्त और पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मामले की दिशा स्पष्ट हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि बंद खदानों की क्वारियों में इस तरह की कई घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

### खाद बीज विक्रय की अनियमितता पर कृषि विभाग की कार्रवाई

**सलका अधिना।** खरीफ सीजन शुरू होते ही बाजार में खाद बीज की आवक शुरू हो गई है। साथ ही विक्रय केंद्र द्वारा लाइसेंस के नियमों के उल्लंघन की भी शिकायत मिलने लगी है। जिसे ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग की टीम जांच व कार्रवाई शुरू कर दी है। कृषि विभाग की टीम ने आज बुंदिया धरमपुर एवं भैयाथान में बिक्री केंद्रों की जांच की तथा नियमानुसार कार्रवाई की गई। बुंदिया में संचालित मां महामाया कृषि सेवा केंद्र में के रिकॉर्ड व्यवस्थित नहीं रखने पर विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया तो वहीं बाबा कृषि सेवा केंद्र धरमपुर में बीज बिक्री के रिकॉर्ड व्यवस्थित नहीं होने पर नोटिस जारी किया गया। भैयाथान झिलमिली चौक पर संचालित यदुवंशी कृषि सेवा केंद्र में बिना लाइसेंस बीज विक्रय किए जाने पर दुकान को सील कर दिया गया।

## सिकल सेल दिवसः कलेक्टर ने जाना मरीजों का हालचाल



**सूरजपुर।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले उपस्थित रहे। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम ने सिकल सेल रोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने उपस्थित सिकल सेल मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एक आनुवंशिक बीमारी है तथा इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने मरीजों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हुए कहा कि नियमित खान-पान से शरीर में रक्त की पर्याप्त आपूर्ति बनी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों की सहायता के लिए स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में सिकल सेल मरीज मोहरमनिया एवं आशा सोनवानी ने स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त सहयोग तथा समय पर दवाइयों की उपलब्धता के संबंध में अपने अनुभव साझा किए।

## फर्जी केसीसी ऋण और धान भुगतान को लेकर किसानों का आंदोलन जारी

**रामानुजगंज।** धान खरीदी वर्ष 2025-26 की लंबित भुगतान राशि तथा किसानों के नाम पर दर्ज कथित फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रकरण को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने किसान नेता नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे हुए हैं और अपनी मांगों के समर्थन में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि जिले में अनेक किसानों के नाम पर उनकी जानकारी के बिना केसीसी ऋण दर्ज कर दिया गया है, जिसके कारण धान बिक्री की राशि रोक दी गई है जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। आंदोलनकारी किसानों का कहना है कि फर्जी ऋण प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा धान खरीदी की लंबित राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। धरने के दौरान किसानों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 20 जून से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने सामूहिक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। इस संबंध में एसडीएम को लिखित सूचना भी दी गई है। आंदोलन को विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे धरना स्थल पहुंचे और किसानों का समर्थन करते हुए कहा कि अब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस मामले में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए और किसानों की जायज मांगों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।




## पृष्ठ 1 का शेष

### बिरसा मुंडा का...

लगातार कार्य कर रही है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए पीएम जनमन योजना तथा जनजातीय बहुल गांवों के विकास के लिए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना संचालित की जा रही है। छत्तीसगढ़ के 6661 गांव इस योजना में शामिल हैंए जहां बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को ढाई वर्षों के भीतर पूरा किया है। सरकार बनने के 24 घंटे के भीतर 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इनमें से 10 लाख 60 हजार से अधिक आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान का मूल्य दिया जा रहा है तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की जा रही है। दो वर्षों का बकाया बोनस भी किसानों को दिया गया है। इसके अलावा तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4ए000 रुपये से बढ़ाकर 5ए500 रुपये प्रति मानक बोरा किया गया है। चरण पादुका योजना को पुनः प्रारंभ किया गया है तथा रामलला दर्शन और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा दर्शन योजनाओं के माध्यम से हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंचायत स्तर पर अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश की 6ए000 से अधिक पंचायतों में ये केंद्र शुरू हो चुके हैं, जहां आयए जाति और निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भविष्य में प्रत्येक पंचायत में यह सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 प्रारंभ की है। इस हेल्पलाइन पर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैंए जिनका निर्धारित समय.सीमा में समाधान किया जाएगा। हेल्पलाइन के संचालन के लिए 8 हजार अधिकारियों को जोड़ा गया है तथा 24 घंटे इसकी निगरानी की जा रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना लागू की गई है। इसके तहत बकाया बिजली बिलों पर अधिभार पूरी तरह माफ किया जा रहा है तथा मूल राशि के भुगतान पर भी विशेष छूट दी जा रही है। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सौर ऊर्जा संयंत्रों पर आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही हैं। अब तक प्रदेश में 65 हजार से अधिक घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाए जा चुके हैंए जिससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल लगभग शून्य हो गए हैं। इस दौरान अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट ने भी धरती आबा भगवान श्री बिरसा मुंडा के व्यक्तित्वए कृतित्व और उनके जीवन संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान जनप्रतिनिधिए अधिकारी कर्मचारी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### शिक्षा, रोजगार संकट पर जारी रहेगा राहुल गांधी का संवाद : द्वितेंद्र

**अम्बिकापुर।** कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था 1 हजार छात्रों में से मात्र 12 छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराता है। प्रति 3 हजार प्रतियोगी छात्रों में मात्र 1 छात्र यूपीएससी में चयनित होता है। 3 हजार प्रतियोगी छात्रों में मात्र 30 आईआईटी और 3 हजार प्रतियोगी छात्रों में मात्र 118 डॉक्टरी की परीक्षा में सफल हो पाते हैं। ऐसे परीक्षाओं की तैयारी पर अभिभावक भारत सरकार के शिक्षा पर बजट 1.4 लाख करोड़ से तिगुनी राशि खर्च कर रहे हैं। नतीजतन सलेक्शन के बाजय रिजेक्शन का यह सिस्टम छात्रों पर दबाव बना उन्हें आत्महत्या को प्रेरित करने के साथ ही साथ देश मे बेरोजगारी का संकट भी खड़ा कर रहा है। शिक्षा और रोजगार संकट पर राहुल गांधी का यह संवाद लगातार जारी रहेगा।



## खबर संक्षेप

### आलोक ने जिले का बढ़ाया मान



**रायगढ़।** तमनार विकासखंड अंतर्गत ग्राम करमागढ़ निवासी आलोक कुमार शर्मा ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित ज्यूडिशियल असिस्टेंट भर्ती परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आलोक के पिता का नाम परमानंद शर्मा है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। आलोक कुमार शर्मा इससे पूर्व भी व्यापम द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त इसी वर्ष अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जामिनेशन में देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। मूलतः ग्राम करमागढ़, तमनार के निवासी आलोक कुमार शर्मा वर्तमान में पंचायत संचालनालय में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**रायगढ़।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026.27 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन के नवीनीकरण हेतु 20 जून तथा नवीन आवेदन हेतु 1 अगस्त 2026 से पोर्टल प्रारंभ किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी।

### 20 जून तक होगा पंजीकरण शिविर

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वास के विकास केए जनकल्याण के कार्यक्रम के 20 जून तक पंजीकरण शिविर का आयोजन सारंगढ़ के मंडी प्रांगण, बरमकेला के मंगल भवन में सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक और बिलाईगढ़ के वार्ड 6 में स्थित सामुदायिक भवन में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएन स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि के अंतर्गत पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही किया जाएगा। यह शिविर, केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। इन शिविरों में मुख्य रूप से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लिए नए पंजीकरणए त्रुटि सुधार और समस्याओं का त्वरित निवारण संबंधी कार्य किया जाएगा।

## गौठान की सरकारी जमीन पर रेत का भंडारण

# छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर रेत तस्करों का बेखौफ नेटवर्क

छत्तीसगढ़ और झारखंड की अंतरराज्यीय सीमा इन दिनों रेत तस्करों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनती जा रही है। सीमा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और परिवहन का संगठित कारोबार वर्षों से जारी है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक निष्क्रियता के चलते रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि कार्रवाई की मांग करने वालों को धमकियां तक दी जा रही हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मामला जशपुर जिले के लोदाम थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पुत्रीचैरा का है। छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा से लगे इस गांव में कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर गौठान की सरकारी जमीन तक अवैध रूप से निकाली गई रेत का विशाल भंडारण किया गया है।

शंख नदी से निकाली गई रेत के बड़े-बड़े ढेर कई स्थानों पर पहाड़ का रूप ले चुके हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह कारोबार प्रशासन की नजरों के सामने वर्षों से संचालित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार पुत्रीचैरा में अवैध रेत खनन और भंडारण का यह कारोबार नया नहीं बल्कि कई वर्षों पुराना है। स्थानीय स्तर पर लगातार शिकायतें होने के बावजूद इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी, जिससे यह सवाल उठने लगा है कि आखिर इस पूरे नेटवर्क को संरक्षण कौन दे रहा है।

- अवैध उत्खनन के साथ गुंडा टैक्स वसूली का भी आरोप

### अवैध वसूली का भी खेल

पड़ताल के दौरान यह भी सामने आया कि क्षेत्र में कुछ दबंग लोग स्थानीय ट्रैक्टर चालकों से प्रति ट्रिप 100 रुपए की अवैध वसूली कर रहे हैं। किसी अधिकृत संस्था के बजाय कथित तौर पर निजी स्तर पर की जा रही इस वसूली से हर महीने 30 से 40 हजार रुपए तक की रकम जुटाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार पुत्रीचैरा से झारखंड की ओर जाने वाली रेत से लदी गाड़ियों से भी 200 से 300 रुपये प्रति ट्रिप वसूले जा रहे हैं। सीमा क्षेत्र में चल रहा यह कथित 'गुंडा टैक्स' अवैध कारोबार को और अधिक संगठित व लाभदायक बना रहा है, जबकि शासन को राजस्व हानि और क्षेत्र में दबंगई की प्रवृत्ति बढ़ने की आशंका भी गहरा रही है।

### स्थिति जस की तस

ग्राम पंचायत पुत्रीचैरा के सरपंच अरुण लकड़ा ने बताया कि पंचायत ने शंख नदी में वैधानिक रूप से रेत खदान संचालन के लिए प्रस्ताव दिया था, लेकिन नियमों में बदलाव के कारण मामला लंबित है। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा कई बार अवैध उत्खनन और भंडारण की शिकायत की गई, लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।

### राजस्व का नुकसान

पंचायत सचिव रामचंद्र राम ने भी स्वीकार किया कि अवैध उत्खनन और भंडारण से शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है और ग्राम पंचायत भी आर्थिक रूप से प्रभावित हो रही है। यदि रेत कारोबार नियमों के तहत संचालित होता तो पंचायत को भी राजस्व प्राप्त होता।

### होगी सख्त कार्रवाई

पुत्रीचौरा में अवैध रेत भंडारण की सूचना मिली है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-विवेक साहू, जिला खनिज अधिकारी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सभी मंडलों में हुई विविध प्रतियोगिताएं

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा जशपुर जिले के सभी मंडलों में रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं, युवतियों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा विकसित भारत के संकल्प को सृजनात्मक अभिव्यक्ति दी।

- रंगों में उभरा विकसित भारत का संकल्प

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पिंकी गुप्ता के निर्देशानुसार आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता, राष्ट्रभक्ति तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना था। जिले के सभी मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभागियों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर भारत की सांस्कृतिक विरासत, नारी शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को दर्शाया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों एवं युवाओं ने अपनी कल्पनाशीलता के माध्यम से विकसित भारत की तस्वीर उकेरी। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक सोच का संदेश भी प्रसारित हुआ। कार्यक्रमों के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम समाज में शामिल सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं तथा नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करते हैं।



**इनकी रही उपस्थिति-** मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि कार्यक्रमों में महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। जिले के सभी मंडलों में प्रतियोगिताएं उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

## वित्त मंत्री ओपी के प्रयासों से लैलूंगा घरघोड़ा मार्ग की मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ जिले के विकास को नई गति देते हुए राज्य शासन ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जिले के घरघोड़ा-लैलूंगा राज्य मार्ग क्र 17 के किमी 55/10 से किमी 79/10 तक 23.90 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए 1786.18 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। प्रस्तावित मार्ग की कुल लंबाई 23.90 किमी और कैरिज.वे चौड़ाई 7.00 मीटर रखी गई है। यह मार्ग राज्य मार्ग क्र. 17 के अंतर्गत आता है। यह स्वीकृति वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से मिली है। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के लगातार प्रयासों और रायगढ़ जिले के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को स्वीकृति मिली है। स्वीकृति के बाद क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। जिले की जनता अब यह महसूस करने लगी है कि विकास हेतु भापा को को दिया गया एक.एक वोट सार्थक साबित हो रहा है। इस स्वीकृति से सड़क मार्ग का नवीनीकरण होगा ।

## ब्लॉक कांग्रेस कुनकुरी ने किया रक्तदान, मरीजों को बांटे फल

**जशपुरनगर।** नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुनकुरी द्वारा सेवा और जनकल्याण को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने होली क्रॉस अस्पताल में रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया, वहीं कुनकुरी शासकीय अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप जैन, मनोज सागर यादव, श्रीमती अंजना मिंज, वाल्टर कुजूर, रॉबर्ट एक्का, दीपक केरकेट्टा, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद इमरान, श्रीमती अजेम टोप्पो, श्रीमती रुखसाना बानो, मोनू गर्ग, श्रीमती अल्मा लकड़ा, श्रीमती सुषमा कुजूर, वकास, सुल्तान, राजू सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुनकुरी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### अमलीपाली में पानी की समस्या दूर, महिलाओं को मिली राहत

**रायगढ़।** विकासखंड पुसौर के ग्राम अमलीपाली, ग्राम पंचायत आमापाली में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। 96 परिवारों और 324 की आबादी वाले इस गांव में कभी पेयजल की गंभीर समस्या थीए लेकिन आज घर.घर नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इससे ग्रामीणों की दिनचर्या आसान हुई हैए स्वास्थ्य में सुधार आया है और महिलाओं को नई ऊर्जा के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। ग्राम अमलीपाली में पहले स्वच्छ और पर्याप्त जल स्त्रोतों की कमी के कारण ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

### यूरिया की कोई कमी नहीं, समितियों में 85 प्रतिशत से अधिक भंडारण

**रायगढ़।** खरीफ मौसम को देखते हुए जिले में किसानों के लिए उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। जिला प्रशासन द्वारा सहकारी समितियों में उर्वरकों का भंडारण सुव्यवस्थित ढंग से किया गया है ताकि किसानों को खेती.किसानी के कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि जिले में यूरिया की कुल मांग 17,500 मीट्रिक टन के विरुद्ध 14,988 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है, जो कुल मांग का 85,65 प्रतिशत है। जिले में यूरिया की किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही यूरिया के वैकल्पिक उर्वरक के रूप में नैनो यूरिया का भंडारण भी सहकारी समितियों में प्रारंभ कर दिया गया है। डीएपी उर्वरक की मांग 7,800 मीट्रिक टन के विरुद्ध वर्तमान में 2,256 मीट्रिक टन उपलब्ध है। वहीं किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके एवं एसएसपी उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण किया गया है।

## स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए बरगांव में लगी चौपाल

**जशपुरनगर।** शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य ज़ेडर राम मांझी के नेतृत्व में एक जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों की विद्यालय में अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी से आह्वान किया गया। प्राचार्य ने स्थानीय बोली में भावपूर्ण शब्दों में कहा कि विद्यालय आने वाले सभी बच्चे भले ही आपके घर के न हों, लेकिन गांव के हर बच्चे हमारे अपने बच्चे हैं। इसलिए हम सबका दायित्व है कि उनके पालकों को प्रेरित करें और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और पूरे गाँव की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। साथ ही ग्राम कोटवार को निर्देशित किया गया कि वे गांव में मुनादी कर लोगों को जागरूक करें तथा बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने में सहयोग दें।इस जन चौपाल के माध्यम से ग्राम में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।



### एजाक्स मशीन पलटने से चालक की मौत

**रायगढ़।** शहर की महत्वाकांक्षी मरीन ड्राइव परियोजना में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने निर्माण कार्यों में बरती जा रही सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए। केलो नदी से पानी भरने के दौरान एक एजाक्स मिक्सर मशीन असंतुलित होकर नदी किनारे पलट गई। हादसे में मशीन चला रहे 25 वर्षीय चालक की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों और कार्य प्रणाली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान विश्वनाथ नगेशिया उर्फ विजय 25 वर्ष निवासी चिंतापाली, जिला कोरबा के रूप में हुई है। वह मरीन ड्राइव निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार संजय केड़िया के अधीन मशीन चालक के रूप में कार्यरत था।

### 1.77 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शेयर बाजार में निवेश पर हर महीने 6 प्रतिशत मुनाफा और मूलधन सुरक्षित लौटाने का भरोसा देकर करोड़ों रुपये जुटाने वाले आरोपी विश्वजीत देवनाथ को रायगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 13 से अधिक निवेशकों से करीब 1 करोड़ 77 लाख 10 हजार रुपये जुटाने और बाद में रकम वापस नहीं करने का आरोप है। मामले की शुरुआत दरोगापारा निवासी संजय मिश्रा की शिकायत से हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 में उनकी मुलाकात विश्वजीत देवनाथ से हुई थी। विश्वजीत ने खुद को व्यवसायी और शेयर बाजार का जानकार बताते हुए निवेश पर हर महीने 6 प्रतिशत रिटर्न देने का दावा किया। साथ ही मूलधन भी धीरे-धीरे लौटाने का भरोसा दिलाया गया। आकर्षक रिटर्न के लालच में संजय मिश्रा ने बैंक से ऋण लेकर लाखों रुपये निवेश किए। शुरुआती दौर में आरोपी ने नियमित भुगतान कर निवेशकों का विश्वास जीत लिया।

## जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान



**सरिया।** जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणको और सुपरवाइजरों का तहसीलदार द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह मुख्य रूप से प्रथम चरण मकान सूचीकरण और भवन गणना की सफलए त्रुटि रहित और समय सीमा से पूर्व समापन के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए।

विदित हो कि विगत दिनों राष्ट्रीय सेवा जनगणना कार्य 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण का सफलता पूर्वक सरिया तहसील के ग्रामीण से 13 एवं शहरी क्षेत्र के 3 सर्कल में विभक्त 2 चार्ज अधिकारी 2 फील्ड प्रशिक्षकए सभी पटवारी एवं 16 सुपरवाइजर तथा 90 प्रगणकों सहित अमन प्रधान एमनोज साहू ऑन लाइन कंप्यूटर प्रभारी के रूप में तहसील सरिया अंचल के शासकीय कर्मचारी अधिकारियों ने अपने कुशल दायित्व का निर्वहन करते हुए कर्तव्य का निष्ठा पूर्वक पालन कर निर्धारित समय पूर्व अपने लक्ष्य की पूर्ति किया। जिसके बाद सरिया तहसीलदार कोमल साहू एवं नगर पंचायत सरिया सीएमओ लालसिंह मरकाम ने अंचल के सभी सुपरवाइजरों, प्रगणको, एवं मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस गरिमामयी अवसर पर दोनों चार्ज अधिकारी ने कहा कि इस भीषण तड़पती धूप में भी आप सभी ऊर्जावान सुपरवाइजर एवं प्रगणक साथियों ने घर घर डोर टू डोर जाकर सरिया सहित तहसील के सभी 72 गांवों में इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य योजना का निर्धारित समय पूर्व किया तथा मकानसूचीकरण सहित नजरी नक्शा निर्माण कार्य सफलता पूर्वक निष्पादन किया है।

## कोरवा परिवारों को गांव में ही मिल रही सुविधा

# सुदूर अंचल तक पहुंच रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के दूरस्थ और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह ;पीवीटीजीद्ध बहुल क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में आयुष विभाग की आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रभावी भूमिका निभा रही है। दुर्गम अंचलों में रहने वाले बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा परिवारों तक घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाकर यह पहल ग्रामीणों के लिए राहत का माध्यम बन रही है।




इसी क्रम में विकासखंड लैलूंगा के पीवीटीजी बहुल ग्राम झगरपुर में आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 64 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। लाभान्वित मरीजों में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के 26 बिरहोर तथा 14 पहाड़ी कोरवा समुदाय के सदस्य शामिल रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान चिकित्सकीय टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर विभिन्न सामान्य एवं मौसमी बीमारियों के संबंध में परामर्श दिया तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण किया। ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैलीए स्वच्छता और रोगों की रोकथाम संबंधी जानकारी भी दी गई। आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ गांवों में नियमित रूप से पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाओं से अब जनजातीय परिवारों को उपचार के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है। गांव में ही जांच, परामर्श और दवा उपलब्ध होने से समय पर उपचार सुनिश्चित हो रहा है तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ रहा है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त